e-mail: ee_cityunnao_upjn@yahoo.in

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय

उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), गदन खेड़ा बाईपास, पोस्ट सिंगरोसी उन्नाव-209801

पत्र संख्याः 1103 / W-1-A /30 दिनांकः 25/04/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः- दैनिक समाचार पत्र "दैनिक भास्कर" में दिनांक- 24.04.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक "उन्नाव के परियर गांव में पानी का संकट- जल जीवन मिशन अधूरा, ग्रामीण मीठे पानी के लिए संघर्षरत" नामक खबर के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र "दैनिक भास्कर" में प्रकाशित खबर शीर्षक "उन्नाव के परियर गांव में पानी का संकट- जल जीवन मिशन अधूरा, ग्रामीण मीठे पानी के लिए संघर्षरत" नामक खबर के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन "हर घर जल" के फेज-IV के अन्तर्गत जनपद उन्नाव के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद उन्नाव के ग्रामीण क्षेत्रों में सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल परियोजनाओं के कार्य प्रस्तावित हैं, योजना पूर्ण करने की लक्षित तिथि दिसम्बर, 2027 है। योजनान्तर्गत क्लस्टर- ए की भौतिक प्रगति 39.20 प्रतिशत है। विगत लगभग दो वर्षों से वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण Phase-IV के कार्य की प्रगति प्रभावित हुयी है। भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन को जे0जे0एम0-2.0 के रुप में दिसम्बर, 2028 तक विस्तारित किया गया है। भारत सरकार से विगत माह जुलाई 2024 से कोई भी धनराशि प्राप्त नही हुयी है तथा माह अक्टूबर 2024 से कार्यदायी फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ का क्लस्टर-ए हेतु 147.15 करोड़ का भुगतान शेष है जिसके कारण कार्यों की प्रगति प्रभावित है।

उक्त खबर के सम्बन्ध में आख्या पत्र के साथ संलग्न कर सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक- उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(अजीत कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, उन्नाव।
3. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
5. अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति), उन्नाव।

अधिशासी अभियन्ता

e-mail: ee_cityunnao_upjn@yahoo.in

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय

उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), गदन खेड़ा बाईपास, पोस्ट सिंगरोसी उन्नाव-209801

पत्र संख्याः 1103 / W-1-A / 30 दिनांकः 25/04/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः- <u>दैनिक समाचार पत्र "दैनिक भास्कर" में दिनांक- 24.04.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक "उन्नाव के परियर गांव में पानी का संकट- जल जीवन मिशन अधूरा, ग्रामीण मीठे पानी के लिए संघर्षरत" नामक खबर के सम्बन्ध में आख्या।</u>

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र "दैनिक भास्कर" में प्रकाशित खबर शीर्षक "उन्नाव के परियर गांव में पानी का संकट- जल जीवन मिशन अधूरा, ग्रामीण मीठे पानी के लिए संघर्षरत" नामक खबर के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन "हर घर जल" के फेज-IV के अन्तर्गत जनपद उन्नाव के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद उन्नाव के ग्रामीण क्षेत्रों में सतहीं स्रोत आधारित पाइप पेयजल परियोजनाओं के कार्य प्रस्तावित हैं, योजना पूर्ण करने की लक्षित तिथि दिसम्बर, 2027 है। योजनान्तर्गत क्लस्टर- ए की भौतिक प्रगति 39.20 प्रतिशत है। विगत लगभग दो वर्षों से वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण Phase-IV के कार्य की प्रगति प्रभावित हुयी है। भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन को जे0जे0एम0-2.0 के रुप में दिसम्बर, 2028 तक विस्तारित किया गया है। भारत सरकार से विगत माह जुलाई 2024 से कोई भी धनराशि प्राप्त नहीं हुयी है तथा माह अक्टूबर 2024 से कार्यदायी फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ का क्लस्टर-ए हेतु 147.15 करोड़ का भुगतान शेष है जिसके कारण कार्यों की प्रगति प्रभावित है।

उक्त खबर के सम्बन्ध में आख्या पत्र के साथ संलग्न कर सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
संलग्नक- उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(अजीत कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 व दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, उन्नाव।
3. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
5. अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति), उन्नाव।

अधिशासी अभियन्ता

दैनिक समाचार पत्र "दैनिक भास्कर" में प्रकाशित खबर शीर्षक "उन्नाव के परियर गांव में पानी का संकट– जल जीवन मिशन अधूरा, ग्रामीण मीठे पानी के लिए संघर्षरत" नामक खबर के सम्बन्ध में आख्या।

कार्यालय का नामः– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव।

## शिकायत का विवरण

**उन्नाव के परियर गांव में पानी का संकट:जल जीवन मिशन अधूरा, ग्रामीण मीठे पानी के लिए संघर्षरत**



उन्नाव के सिकंदरपुर सरोसी विकास खंड के परियर गांव में भीषण गर्मी के बीच पानी का गंभीर संकट गहरा गया है। ग्रामीण मीठे पानी की एकरात -एक बूंद के लिए दिन-संघर्ष कर रहे हैं। स्थिति यह है कि लोगों को पानी भरने के लिए कस्बे से लगभग एक किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है। ग्रामीण साइकिल, ऑटो और हाथगाड़ी पर बर्तन व बाल्टियाँ लेकर पानी लाने को मजबूर हैं। गांव में जल जीवन मिशन के तहत टैंक और पाइपलाइन का काम शुरू हुआ था, लेकिन यह अधूरा पड़ा है। इसके चलते आज तक पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि जल निगम ने नई योजना के नाम पर पुरानी पाइपलाइन को तोड़ दिया, जिससे पहले मिलने वाला सीमित पानी भी बंद हो गया। ग्रामीणों के अनुसार, वे वर्षों से खारे और फ्लोराइड युक्त पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। 1990 के दशक में इस समस्या के समाधान के लिए एक जल टैंक बनाया गया था, लेकिन यह भी पिछले एक साल से ध्वस्त पड़ा है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। भीषण गर्मी के साथसाथ बिजली संकट ने ग्रामीणों की -रात की बिजली कटौती के कारण पानी भरने और -मुश्किलें दोगुनी कर दी हैं। दिन भंडारण में भारी कठिनाई हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने प्रशासन और जन प्रतिनिधियों से कई बार अपील की है, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। ऋषि पांडे, देवी प्रसाद, अभिषेक, प्रदीप, दिलीप, वैभव अवस्थी, दीपक और रवि राठौर सहित कई ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस व्यवस्था को तत्काल बहाल करने की मांग

## आख्या

दैनिक समाचार पत्र "दैनिक भास्कर" में प्रकाशित खबर शीर्षक "उन्नाव के परियर गांव में पानी का संकट– जल जीवन मिशन अधूरा, ग्रामीण मीठे पानी के लिए संघर्षरत" नामक खबर के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद उन्नाव के विकास खण्ड सिकन्दरपुर सिरोसी में के ग्राम परियर में निर्मित परियर ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्य वर्ष 1992–93 मे पूर्ण कराये गये थे, जिसे 40 एल.पी.सी.डी. की दर पर डिजाइन किया गया था, जिसका डिजाइन काल वर्तमान मे पूर्ण हो चुका है, योजना का ट्यूबवेल अक्रियाशील होने की स्थिति में उसकी स्थलीय जांच अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ से करायी गयी एवं स्थलीय जांच में खण्ड कार्यालय (वि0/यां0) टीम द्वारा पम्पसेट को डिस्मेंटल कर नलकूप की साउण्डिंग दिनांक 07.06.2024 को मापी गयी जोकि 110 फिट प्राप्त हुयी इस प्रकार नलकूप में सैण्ड भरी हुयी है, जिसे नलकूप को ठीक कराया जाना सम्भव नहीं है, की रिपोर्ट पत्र सं0– 530/डब्ल्यू–31/124 दिनांक 27.07.2024 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।

उक्त के अतिरिक्त केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन "हर घर जल" के फेज–IV के अन्तर्गत जनपद उन्नाव के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद उन्नाय के ग्रामीण क्षेत्रों में सतहीं स्रोत आधारित पाइप पेयजल परियोजनाओं के कार्य प्रस्तावित हैं। हैं। योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों के कार्य प्रारम्भ की तिथि 27.07.2023 एवं कार्य पूर्ण की तिथि 31.12.2027 निर्धारित है। योजनान्तर्गत जनपद उन्नाव की 1037 ग्राम पंचायतों में सम्मिलित समस्त 1673 ग्रामों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु दो भागो मे विभक्त करते हुए क्लस्टर 'ए' (कार्यलागत–रू0 1584.47 करोड़) के अन्तर्गत 917 राजस्व ग्रामों एवं क्लस्टर 'बी' (कार्यलागत–रू0 1357.50 करोड़) के अन्तर्गत 756 राजस्व ग्रामों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु कार्यो का विवरण एवं प्रगति निम्नवत है–

| | उन्नाव सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना (क्लस्टर–ए) | | उन्नाव सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना (क्लस्टर–बी) | |
|---|---|---|---|---|
| कम्पोनेन्ट | कुल कम्पोनेन्ट्स | कार्य की प्रगति | कुल कम्पोनेन्ट्स | कार्य की प्रगति |
| इण्टेकवेल | 01 No. (359MLD) | 01 WIP (74.00%) | - | - |
| वाटर ट्रीटमेंट प्लांट | 01 No. (170MLD) | 01 WIP (57.66%) | 01 No. (130MLD) | 01 WIP (60.94%) |
| क्लियर वाटर रिजरवायर | 28 Nos. | 24 WIP (17.41%) | 27 Nos. | 26 WIP (24.23%) |
| ओवर हेड टैंक | 239 Nos. | 208 WIP (22.29%) | 204 Nos. | 186 WIP (22.29%) |
| रॉ वाटर पाइप लाइन | 1.10 Km. | 0.85km(77.18%) | 29.80 Km. | 9.21Km. (31.01%) |
| वितरण पाइप लाइन | 6862.46 Km. | 3172.03 km (46.22%) | 5960.65 Km. | 3133.25 km (52.57%) |
| रोड कटिंग/पुर्नस्थापना | 1203.55 Km. | 1057.50 km (87.86%) | 1209.80 Km. | 1095.20 km (90.52%) |
| गृह नल संयोजन संख्या | 265431 Nos. | 51289 Nos. (19.32%) | 189798 Nos. | 41928 Nos. (22.09%) |

चयनित एजेन्सी मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ द्वारा वर्तमान में इन्टेकवेल, डब्ल्यू0टी0पी0 (क्लस्टर–बी), डब्ल्यू0टी0पी0 (क्लस्टर–ए), 394 Nos. OHT, 50 Nos. CWR,1327 राजस्व ग्रामों में कार्यों को प्रारम्भ कराते हुये लगभग 6305.28 किमी. वितरण प्रणाली का कार्य कराया जा रहा है।

| | |
|---|---|
| | समाचार पत्र में उल्लेखित ग्राम परियर में पेयजल व्यवस्था के सम्बन्ध मे अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन (फेज–IV) के अन्तर्गत विकास खण्ड सिकन्दरपुर सिरोसी के ग्राम परियर एवं उसमे सम्मिलित अन्य ग्रामों में उन्नाव सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल (क्लस्टर–ए) योजनान्तर्गत मे OHT Zone-A220-Z2 के अर्न्तगत 325 किली0 क्षमता/18 मी0 स्टेजिंग के शिरोपरि जलाशय, 39.96 किमी0 पाइप लाइन बिछाने एवं 1891 गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष वर्तमान तक शिरोपरि जलाशय का कार्य 75 प्रतिशत एवं कुल प्रस्तावित पाइप लाइन के सापेक्ष 37.85 किमी0 पाइप लाइन बिछाये जाने के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं एवं योजना से सम्बन्धित अन्य कार्य प्रगति पर हैं। योजना पूर्ण करने की लक्षित तिथि दिसम्बर, 2027 है, साथ ही यह भी अवगत कराना है कि भारत सरकार से विगत माह जुलाई 2024 से कोई भी धनराशि प्राप्त नही हुयी है तथा माह अक्टूबर 2024 से कार्यदायी फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ का क्लस्टर–ए हेतु 147.15 करोड का भुगतान शेष है जिसके कारण कार्यों की प्रगति प्रभावित है।<br>योजनान्तर्गत समस्त कार्य पूर्ण कराये जाने के उपरान्त विकास खण्ड सिकन्दरपुर सिरोसी के ग्राम परियर तथा उसके मजरों के प्रत्येक घरों में गृह संयोजन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। योजना पर फर्म की लम्बित देयता का भुगतान तथा भविष्य में योजना की स्वीकृत धनराशि की सतत उपलब्धता भारत सरकार/राज्य सरकार से प्राप्त होने पर योजना की प्रगति निर्धारित समयावधि में प्राप्त की जा सकेगी। |

अधिशासी अभियन्ता

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
Office of the Executive Engineer
खण्ड कार्यालय (वि0/यॉ0),
Division Office (E/M)

जल निगम प्रशिक्षण केन्द्र, तृतीय तल,
लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, लखनऊ–226001
Email- ee13th@gmail.com
Fax No. 0522-2235772



पत्रांक – 530 / W-31 / 124 दिनांक – 27-07-24

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0
जल निगम (ग्रामीण) उन्नाव।
Email ID- ee_cityunnao_upjn@yahoo.in

विषयः– **जनपद के विकास खण्ड सिकन्दरपुर कर्ण के अन्तर्गत सिकन्दरपुर कर्ण ग्राम समूह पेयजल योजना, विकास खण्ड सुमेरपुर के अन्तर्गत मलौना जोन–II ग्राम समूह पेयजल योजना एवं विकास खण्ड सिकन्दरपुर सिरोसी के अन्तर्गत परियर ग्राम समूह पेयजल योजना पर अधिष्ठापित नलकूपों के तकनीकी परीक्षण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्रांक 3002/डब्लू–एस0103/407 दिनांक 24.07.2024 के सन्दर्भ में नलकूपवार आख्या निम्नानुसार प्रेषित की जा रही है।

1. **धामी खेड़ा नलकूपः–** नलकूप का निरीक्षण दिनांक 25.07.2024 को खण्ड के सहायक अभियन्ता द्वारा किया गया, निरीक्षण के समय फर्म मेघा का स्टाफ भी मौजूद था उक्त स्टाफ द्वार अवगत कराया गया कि में 15 एच0पी0 क्षमता का सबमर्सिबल पम्प सेट डालकर पिछले कुछ माह से जलापूर्ति की जा रही थी जिसमें मोटर 10–12 एम्पियर करेन्ट ले रहा था परन्तु इस माह के द्वितीय सप्ताह से पम्प सेट बालू युक्त पानी देने लगा तथा अत्याधिक बालू के कारण पम्प सेट जाम हो गया है एवं मोटर द्वारा 25 एम्पियर करेन्ट लेने लगा तथा फिर इसमें 3.0 मीटर लम्बाई का एक कालम पाइप बढ़ाने की कोशिश की गयी परन्तु बोर भरा होने के कारण कालम पाइप बढ़ाया नही जा सका चूंकि योजना का नलकूप वर्ष 1997–98 में निर्मित है जो कि अपना उपयोगी जीवन काल पूर्ण कर चुका है, अतः नलकूप को ठीक कराया जाना सम्भव प्रतीत नही होता है।
2. **सिकंदरपुर कर्ण नलकूपः–** नलकूप का निरीक्षण खण्ड के सहायक अभियन्ता द्वारा मेघा के स्टाफ के साथ दिनांक 25.07.2024 को किया गया, स्टाफ द्वारा अवगत कराया गया कि द्वारा इस पर 12.50 एच0पी0 क्षमता का सबमर्सिबल पम्प सेट अधिष्ठापित किया गया था जिससे आंशिक रूप से जलापूर्ति की जा रही थी, परन्तु वोल्टेज अत्याधिक कम प्राप्त होने के कारण न तो नलकूप का संचालन सुचारू रूप से हो पा रहा है और न ही नलकूप की यील्ड के बारे में सही जानकारी हो पा रही है। सही यील्ड की जानकारी प्राप्त न होने की

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
Office of the Executive Engineer
खण्ड कार्यालय (वि0/यॉ0),
Division Office (E/M)

जल निगम प्रशिक्षण केन्द्र, तृतीय तल,
लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, लखनऊ–226001
Email- ee13th@gmail.com
Fax No. 0522-2235772



पत्रांक – 530 / W-31 / 124 दिनांक – 27-07-24

स्थिति में मेघा के स्टाफ को निदेर्शित किया गया हे कि डी0जी0 सेट लगाकर नलकूप को संचालित कराकर निरीक्षण कराये, उल्लेखनीय है कि उक्त नलकूप से वर्ष 2010 से जलापूर्ति की जा रही है।

3. <u>परियर नलकूपः–</u> इस नलकूप का निरीक्षण सहायक अभियन्ता द्वारा मेघा के स्टाफ के साथ दिनांक 06.06.2024 को किया गया था, पावर न होने के कारण पम्प सेट संचालित नही कराया जा सका था परन्तु पम्प सेट को डिस्मेंटल कर नलकूप की साउण्डिग दिनांक 07.06.2024 को मापी गयी जो कि 110 फिट प्राप्त हुयी इस प्रकार यह नलकूप भी सैण्ड से भरा हुआ है तथा उक्त नलकूप वर्ष– 1992–93 का निर्मित है जो कि अपनीं उपयोगी जीवन काल पूर्ण कर चुका है, अतः इस नलकूप को भी ठीक कराया जाना सम्भव प्रतीत नही होता हैं।

4. <u>प्यारेपुर नलकूपः–</u> इस नलकूप के सम्बन्ध में इस खण्ड कार्यालय के पत्रांक 388/डब्लू–31/103 दिनांक 02.05.2024 द्वारा रिपोर्ट प्रेषित की जा चुकी है।

भवदीय

( श्रीराम गुप्ता )
अधिशासी अभियन्ता
27/7/24

<u>पृ0 सं0 एवं दिनांक – उपरोक्तानुसार</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियंन्ता (ल0/क्षे0), उ0 प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय (वि0/यॉ0), उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
4. मेसर्स मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फास्ट्रक्चर लि0,उन्नाव। Email- meilunnaoa@gmail.com
5. श्री पी0के0 मिश्रा, सहायक अभियन्ता।

अधिशासी अभियन्ता
27/7/24